# दतिया के शासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों ने लहराया परचम

## मेरिट में स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को कलेक्टर ने दी बधाई , हाईस्कूल में छवि यादव, तपस्या शर्मा, आशीष यादव एवं हायर सेकेंडरी में गायत्री यादव ने प्रदेश की प्रावीण्य सूची में बनाया स्थान

**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 15 अप्रैल।** माध्यमिक शिक्षा मंडल की वर्ष 2026 की हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा के परिणामों में दतिया जिले के विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है। विशेष रूप से शासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों ने प्रदेश मेरिट सूची में स्थान प्राप्त कर जिले का नाम गौरवान्वित किया है।

मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल (एमपी बोर्ड) द्वारा वर्ष 2026 के हाईस्कूल 10वीं एवं हायर सेकेंडरी 12वीं परीक्षा परिणाम बुधवार को घोषित कर दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दतिया जिले का 10वीं में 9030 विधार्थी पंजीकृत हुए थे जिसमें से 8952 विधार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए जिसमें से 4493 विधार्थी उत्तीण, 3392 विधार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीण, 1100 विधार्थी द्वितीय श्रेणी तथा 1 विधार्थी तृतीय श्रेणी उत्तीण हुए। कक्षा 10वीं की परीक्षा का कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 50.19 प्रतिशत रहा। कक्षा 12वीं में 7292 विधार्थियों का पंजीयन हुआ था जिसमें से 7243 विधार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए


छवि यादव


गायत्री यादव


आशीष यादव

जिसमें में 3920 विधार्थी उत्तीण, 3058 विधार्थी प्रथम श्रेणी से, 862 विधार्थी द्वितीय श्रेणी से उत्तीण हुए। 12वीं कक्षा का कुल परीक्षा परिणाम 54.16 प्रतिशत दर्ज किया गया।

**10वीं कक्षा में जिले के मेधावी छात्र-छात्राएं:** कक्षा 10वीं के जिन छात्र-छात्राओं ने प्रदेश के मेरिट लिस्ट में स्थान बनया है उनमें कु. छवि यादव शासकीय कन्या उमावि सेवढ़ा ने 494 अंक प्राप्त कर प्रदेश मेरिट में 6वां स्थान, आशीष यादव शासकीय हाईस्कूल खमरौरा ने 493 अंक प्राप्त कर 7वां स्थान, कु. तपस्या शर्मा शासकीय हाईस्कूल रावरी ने 490 अंक प्राप्त कर 10वां स्थान प्राप्त किया है।

**12वीं कक्षा में जिले की मेधावी छात्रा :** कक्षा 12वीं की छात्रा कु. गायत्री यादव शासकीय उत्कृष्ट उमावि दतिया ने 485 अंक, प्रदेश मेरिट में 8वां स्थान प्राप्त किया है। कलेक्टर श्री स्वप्निल वानखड़े द्वारा प्रदेश मेरिट लिस्ट में स्थान प्राप्त करने वाले सभी विधार्थियों को बधाई एवं शुभकांमनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कांमना की है। इसी प्रकार विद्यालय परिवार, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने विद्यार्थियों की इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है। इस वर्ष की बोर्ड परिक्षाएं कलेक्टर श्री स्वप्निल वानखड़े के कुशल नेतृत्व में नकल रहित सम्पन्न हुई। उन्होंने कहा कि जिले में शिक्षा की गुणवत्ता सुधार हेतु निरंतर प्रयास किये जा रहे है। आगामी सत्र में और बेहतर परिणाम लाने के लिए विशेष रणनीति बनाई जायेगी। जिला शिक्षा अधिकारी दतिया सुनील शुक्ला ने प्रदेश मेरिट में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन एवं शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन का परिणाम है।

उन्होंने आगे कहा कि शासकीय विद्यालयों में योग्य एवं प्रशिक्षित शिक्षक कार्यरत हैं, जो पूर्ण निष्ठा एवं मनोयोग से शिक्षण कार्य कर रहे हैं। पालकों से अपेक्षा है कि वे अपनी सोच में सकारात्मक बदलाव लाते हुए शासकीय विद्यालयों पर विश्वास करें और बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लाभ दिलाएं।

### दतिया जिले में तन्मय शर्मा ने हासिल किया प्रथम स्थान



म.प्र. हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा परिणाम में तन्यम शर्मा ने दतिया जिले की मेरिट सूची में 500 में से 488 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त कर पूरे परिवार का नाम रोशन किया। तन्मय की इस उपलब्धि पर पूरे परिवार में उत्सव जैसा खुशी का माहौल है। तन्मय ने प्रथम स्थान अर्जित कर यह सिद्ध कर दिया कि मेहनत और लगन से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है एवं यह उपलब्धि सिद्ध करती है कि सीमित संसाधनों के बावजूद बड़े सपने साकार किए जा सकते है।

### गर्व और खुशी का अद्भुत क्षण



शासकीय कन्या हाई स्कूल, होलीपुरा की होनहार छात्रा कुमारी महक मिश्रा ने कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में 97 : अंक प्राप्त कर जिले की मेरिट लिस्ट में तृतीय स्थान हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन कर दिया है। उनकी यह शानदार सफलता कड़ी मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का परिणाम है। इस उपलब्धि ने पूरे विद्यालय परिवार, शिक्षकों और अभिभावकों को गौरवान्वित किया है। विद्यालय परिवार की ओर से महक मिश्रा 97) मुस्कान जोशी (94 .6),शिवी यादव (92 .6)को इस ऐतिहासिक सफलता पर हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए ढेरों शुभकामनाएं।

### राधिका मिश्रा ने 10वीं में 96 प्रतिशत अंक लाकर बढ़ाया परिवार और स्कूल का मान



दतिया जिले में एक बार फ़िर बेटियों ने प्रतिभा का परचम लहराया है। शहर की होनहार छात्रा राधिका मिश्रा ने 10वीं बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 96 : अंक हासिल किए हैं। इस उपलब्धि से न सिर्फ उनके परिवार बल्कि पूरे स्कूल और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। राधिका की इस सफ़लता पर परिजनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी मेहनत, लगन और समर्पण ने परिवार को गर्व से भर दिया है। हर विषय में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राधिका ने यह साबित कर दिया कि सच्ची मेहनत का फ़ल जरूर मिलता है। इस अवसर पर परिवार ने हंस वाहिनी स्कूल की प्राचार्य और सभी शिक्षकों का आभार जताया, जिन्होंने विद्यार्थियों को इस मुकाम तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। राधिका को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए परिजनों ने कहा कि वह आगे भी इसी तरह सफ़लता की नई ऊंचाइयों को छूती रहें।

# धर्म हमें सदमार्ग पर चलने की राह दिखाता है : घनश्याम सिंह

**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 15 अप्रैल।** धर्म हमें सदमार्ग पर चलने की राह दिखाता है, धर्म से जुड़कर ही व्यक्ति अपना और अपने परिवार का कल्याण कर सकता है।

वर्तमान समय में धर्म ही व्यक्ति का एकमात्र सहारा है, आपके ग्राम पचोखरा में श्रीमद् भागवत कथा की ज्ञान रूपी गंगा बह रही है, मुझे विश्वास है की ज्ञान रूपी गंगा से आप लोगों को कुछ ना कुछ तो अवश्य लाभ होगा। वर्तमान समय में लोगों के जीवन स्तर में बड़ा बदलाव आया है, सुख समृद्धि बढ़ती जा रही है इसके साथ- साथ मन् का विकास होना भी बहुत जरूरी है, यदि हम अच्छे इंसान न बन पाए तो समृद्धि का कोई अर्थ नहीं हैं। आज मन पर नियंत्रण रखना बहुत जरूरी है। उक्त बात पूर्व विधायक घनश्याम सिंह ने ग्राम पचोखरा में कुंअर महाराज के स्थान पर आयोजित श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ कार्यक्रम में उपस्थित जन समुदाय को संबोधित कर व्यक्त किए। कार्यक्रम के आरंभ में श्री सिंह ने श्रीमद् भागवत गीता कथा व्यास सचिन कृष्णात्रि शास्त्री जी महाराज एवं मूल पाठ कर्ता पंडित श्री कृष्णकांत शास्त्री जी को पुष्पहार पहनाकर आशीर्वाद प्राप्त किया।

# शासकीय महाविद्यालय में डॉ . भीमराव अम्बेडकर जयंती मनाई गयी

**इंदरगढ़ ।** शासकीय महाविद्यालय इंदरगढ़ में डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती जयंती धूमधाम से मनाई गयी। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. निलय गोस्वामी ने अम्बेडकर की फोटो पर माल्यार्पण कर किया स प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में कहा भारतीय संविधान के शिल्पकार और सामाजिक न्याय के प्रतीक डॉ अम्बेडकर जी ने अनेक कठिनाइयों और भेदभाव का सामना किया लेकिन कभी हार नहीं मानी स शिक्षा को अपना हथियार बना कर उन्होंने समाज में समानता, स्वतंत्रता, बंधुत्व का सन्देश दियास उनका मानना था कि ष्शिक्षित बनो, संगठित रहो, और संघर्ष करोष् अम्बेडकर एक व्यक्ति नहीं वल्कि एक विचारधारा है जो सदैव हमें सही दिशा दिखाती है स कार्यक्रम में महाविद्यालय का समस्त स्टॉफएवं छात्र ध्छात्राएं उपस्थित रहे।

# नि :शुल्क फाइब्रोस्कैन और परामर्श शिविर 19 अप्रैल को लगेगा

**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 15 अप्रैल।** आधुनिक जीवनशैली के चलते तेजी से बढ़ रही लीवर और पेट संबंधी बीमारियों की रोकथाम और आम जनमानस को उत्तम स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से दतिया में एक विशाल नि:शुल्क परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, दतिया के मेडिसिन विभाग के सह-प्राध्यापक डॉ. हेमंत कुमार जैन (एम.बी.बी.एस., एम.डी. मेडिसिन) द्वारा यह विशेष शिविर आगामी, 19 अप्रैल को उनके निज क्लीनिक पर आयोजित किया जाएगा।

शिविर का मुख्य आकर्षण नि:शुल्क फाइब्रोस्कैन (थ्पइतवेबंद) जांच इस शिविर की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें मरीजों को फाइब्रोस्कैन की अत्याधुनिक सुविधा बिल्कुल मुफ्त उपलब्ध कराई जाएगी। विशेषज्ञों के अनुसार, फाइब्रोस्कैन एक ऐसी जांच है जिससे लिवर की सेहत का पता मिनटों में लगाया जा सकता है। आधुनिक जीवन शैली के कारण लिवर में फैट (चर्बी) का जमा होना आजकल एक आम समस्या बन गया है। इस फैटी लिवर के कारण ही शरीर में इन्सुलिन रेजिस्टेंस, मधुमेह (डायबिटीज), कोलेस्ट्रॉल और हृदय संबंधी गंभीर समस्याएं बढ़ती हैं। यदि समय रहते फाइब्रोस्कैन द्वारा फैटी लिवर का पता चल जाए, तो स्थिति को नियंत्रित कर कई जानलेवा बीमारियों से बचाव किया जा सकता है। शिविर से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी' 19 अप्रैल 'समय सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक' स्थान, डॉ. हेमंत जैन क्लीनिक, विद्या विहार कॉलोनी, चौतन्यपुरी आश्रम, हनुमान गढ़ी के पास, दतिया।

# किसान समर्थन मूल्य पर ही अपनी फसल बेचें, किसानों की सुविधाओं का ख्याल रखा जाए : विधायक

**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 15 अप्रैल।** शासन द्वारा रवि विपणन वर्ष 2026- 27 के लिए समर्थन मूल्य पर 15 अप्रैल से गेहूं की खरीदी शुरू कर दी है और समर्थन मूल्य पर फसल बेचने के लिए आने वाले किसानों को बोनस सहित 2625 रुपए प्रति कुंटल गेहूं की खरीदी की जा रही है और इंदरगढ़ तहसील क्षेत्र में सात समर्थन मूल्य गेहूं खरीदी केंद्र बनाए गए हैं मुख्य अतिथि विधायक प्रदीप अग्रवाल के द्वारा कृषि साख है सहकारी समिति मर्यादित जौनिया के गेहूं उपार्जन केंद्र का सैथरी ग्रामीण स्टेडियम पर गेहूं खरीदी केंद्र का फीता



काटकर उद्घाटन किया।

गेहूं खरीदी केंद्र के उद्घाटन के दौरान विधायक प्रदीप अग्रवाल ने खरीदी केंद्र संचालक से कहा है कि इस भीषण गर्मी में समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने के लिए आने वाले किसानों की सुविधाओं का ख्याल रखा जाए धूप से बचाव के लिए टेंट एवं ठंडे पानी की उचित व्यवस्था होना चाहिए, विधायक ने वहां उपस्थित किसानों से कहा है कि अगर उन्हें गेहूं बेचने के दौरान कोई समस्या आती है तो वह उन्हें अवगत करायें और अपनी फसल गेहूं समर्थन मूल्य पर ही बेचें ताकि उन्हें अपनी फसल का सही दाम मिल सके और बोनस का भी लाभ मिले, उद्घाटन कार्यक्रम के मौके पर संस्था सचिव रामशंकर सैन, केंद्र प्रभारी छोटू जाट, के अलावा ग्रामीण जन ब किसान उपस्थित रहे।

# निजी नौकरी छोड़ शुरू किया खुद का व्यवसाय, आत्मनिर्भरता की मिसाल बनी सोनागिर की शशि जैन

**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 15 अप्रैल।** सीमित आय और बढ़ते घरेलू खर्चों के बीच हिम्मत और सही मार्गदर्शन से कैसे सफलता हासिल की जा सकती है, इसका प्रेरक उदाहरण सोनागिर की निवासी श्रीमती शशि जैन ने प्रस्तुत किया है। निजी नौकरी छोड़कर स्वयं का व्यवसाय शुरू करने का उनका निर्णय आज उन्हें एक सशक्त एवं आत्मनिर्भर महिला के रूप में स्थापित कर चुका है।



श्रीमती शशि जैन बताती हैं कि पहले वे एक निजी नौकरी करती थीं, जहां आय सीमित थी और उससे परिवार का खर्च चलाना कठिन हो रहा था। इसी दौरान उनकी मुलाकात च्जय माँ रतनगढ़ वाली समूहज् की एक महिला से हुई, जिन्होंने उन्हें शासन द्वारा संचालित स्व-सहायता समूह की जानकारी दी।

प्रेरित होकर शशि जैन इस समूह से जुड़ गईं। समूह से जुड़ने के बाद उन्हें न केवल आर्थिक सहयोग मिला, बल्कि व्यवसाय शुरू करने का आत्मविश्वास भी विकसित हुआ। शुरुआत में उन्होंने एक छोटा बुटीक खोला और धीरे-धीरे साड़ी, बड़ी, (पापड़/अन्य घरेलू उत्पाद) जैसे सामान का व्यापार भी शुरू कर दिया।

उनके परिश्रम और लगन का परिणाम यह है कि आज वे अपने व्यवसाय से प्रतिमाह 30 से 35 हजार रुपये तक की आय अर्जित कर रही हैं।वह भावुक होकर बताती हैं कि एक समय ऐसा भी था जब घर की रसोई चलाना मुश्किल हो जाता था, लेकिन आज वे अपने पैरों पर खड़ी हैं और अपने परिवार की जिम्मेदारियों को आत्मविश्वास के साथ निभा रही हैं। शशि जैन अब अपने व्यवसाय का विस्तार कर अन्य लोगों को भी रोजगार देने का लक्ष्य रखती हैं।

श्रीमती शशि जैन शासन की महिला सशक्तिकरण से जुड़ी योजनाओं और पहलों के लिए माननीय प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहती हैं कि इन योजनाओं ने उन्हें नया जीवन और आत्मनिर्भर बनने का अवसर दिया है। यह कहानी न केवल महिलाओं के लिए प्रेरणा है, बल्कि यह दर्शाती है कि दृढ़ संकल्प और सही मार्गदर्शन से हर कठिनाई को अवसर में बदला जा सकता है।

# दतिया में काली पहाड़ी के जंगल में नरवाई से लगी आग,बाइक जलकर राख,दमकल-वन विभाग ने एक घंटे में पाया काबू

**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 15 अप्रैल।** दतिया जिले के काली पहाड़ी बीट के जंगल में मंगलवार दोपहर अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। आग की चपेट में आकर एक राहगीर की बाइक पूरी तरह जलकर राख हो गई, जबकि बाइक सवार युवक भी झुलस गया। घटना दोपहर की बताई जा रही है।जानकारी के अनुसार काली पहाड़ी गांव और खमेरा गांव को जोड़ने वाले रास्ते के पास जंगल में अचानक आग लग गई। उसी समय एक युवक बाइक से वहां से गुजर रहा था। आग को बढ़ता देख उसने खुद ही आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तेज लपटों के आगे उसकी कोशिश नाकाम रही और आग तेजी से फैल गई।हालात बिगड़ते देख युवक अपनी बाइक मौके पर ही छोड़कर जान बचाने के लिए भागा और वन विभाग व दमकल को सूचना दी।सूचना मिलते ही वन विभाग के कर्मचारी और दमकल की टीम मौके पर पहुंची। करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका, लेकिन तब तक बाइक पूरी तरह जल चुकी थी।वन विभाग के कर्मचारियों के मुताबिक, प्राथमिक जांच में आग पास के खेतों में जलाई गई नरवाई (फसल अवशेष) से भड़कना सामने आ रहा है। हालांकि, इस घटना में वन क्षेत्र को ज्यादा नुकसान नहीं पहुंचा, लेकिन सड़क किनारे का इलाका प्रभावित हुआ। बताया जा रहा है कि आग बुझाने के दौरान बाइक सवार युवक झुलस गया। फिलहाल उसकी पहचान नहीं हो सकी है।

# बाबा साहब ने देश को जो संविधान दिया, वह विश्व के श्रेष्ठ संविधानों में गिना जाता है-पूर्व विधायक

**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 15 अप्रैल।** नगर में मंगलवार को समानता, जागरूकता और सामाजिक समरसता का संदेश लेकर निकली भव्य शोभायात्रा ने पूरे शहर को एकता और उत्साह के रंग में रंग दिया। डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती एवं महात्मा ज्योतिराव फुले की 200वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम में सैकड़ों लोग शामिल हुए।

मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व विधायक घनश्याम सिंह ने कहा कि बाबा साहब नेदेश को जो संविधान दिया, वह विश्व

**समानता का संदेश लेकर निकली भव्य शोभायात्रा, बाबा साहब के विचारों से गूंजा सेंवढ़ा**

के श्रेष्ठ संविधानों में गिना जाता है। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त आईजी राजेंद्र सिंह पांडोरिया, नगर परिषद अध्यक्ष आशा गोविंद नागिल, सहित कई वक्ताओं ने संबोधित किया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. शिरोमणि सिंह पथ ने किया, आभार समिति अध्यक्ष राजेंद्र सिंह जाटव एवं संयोजक हरिशंकर जयंत ने किया। वहीं पूर्व विधायक घनश्याम सिंह ने ब्लॉक कॉग्रेस द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कहा कि देश की आजादी के बाद कांग्रेस ने बाबा साहब की योग्यता को देखते हुए उन्हें संविधान निर्माण की जिम्मेदारी सौंपी। उन्होंने शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो के मूलमंत्र को अपनाने का आह्वान किया।

# आज दतिया टोल टैक्स नाके पर अवैध वसूली के विरोध में कांग्रेस का धरना प्रदर्शन

**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 15 अप्रैल।** आज सुबह 11 बजे दतिया टोल नाका डगरई पर लगातार लम्बे समय से दतिया शहर एवं आसपास के लोगों के बाहनो से अवैध टोल टैक्स ले रहे हैं जिससे आमजन जो दतिया के निवासी झांसी या त्ज्व् आफिस या किसी काम से चिरुला थाना जाना पड़ता है उन सबसे 300 रुपए आने जाने बालों का टोल टैक्स अवैध लें लेते हैं जबकि नियमानुसार 12 किलोमीटर के निवासी से टोल टैक्स फ्री है लेकिन भाजपा के नेताओं के संरक्षण में चल रहे टोल टैक्स नाके पर अवैध वसूली की जा रही है जिससे दतिया के आमजन आस पास के किसान जो प्रतिदिन दतिया आते हैं एवं दतिया के निवासी बहुत परेशान हैं।

कॉग्रेस जिलाध्यक्ष अध्यक्ष अशोक दांगी बगदा ने बताया कि दतिया के कांग्रेस नेताओं ने निर्णय लिया अवैध टोल टैक्स बसूली के विरोध में कल 16 अप्रैल को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक टोल नाका डगरई पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया जाएगा।

# गंगोटिया मंदिर के पास बिजली के खंभे में लगी आग

**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 15 अप्रैल।** शहर के गंगोटिया मंदिर के पास शाम एक बिजली के खंभे में अचानक आग लग गई, जिससे तिगेलिया क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति लंबे समय तक प्रभावित रही। गर्मी के मौसम में लंबे समय तक बिजली न आने से रहवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बताया गया है कि खंभे पर लगे तारों के झुंड में शॉर्ट सर्किट होने से आग भड़क उठी। आग इतनी तेज थी कि तार जलकर सड़क पर गिर गए। घटना के दौरान मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई, जिससे कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित हुआ। सूचना मिलते ही बिजली विभाग ने तत्काल सप्लाई बंद कराई और मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बिजली विभाग के एई आर्य के अनुसार, देर रात तक जले हुए तारों को बदलकर विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी गई। हालांकि, लंबे समय तक बिजली बाधित रहने से क्षेत्रवासियों को परेशानी झेलनी पड़ी। साथ ही आसपास के इलाकों में अब भी वोल्टेज कम-ज्यादा होने की समस्या देखी जा रही है, जिससे लोगों में बिजली उपकरण खराब होने की चिंता बनी हुई।

# एसडीएम ने किया गेंहू उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 15 अप्रैल।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर औसत अच्छी गुणवत्ता (एफएक्यू) के गेंहूँ का उपार्जन शासन द्वारा घोषित समर्थन मूल्य 2585 रूपये प्रति क्विंटल एवं बोनस 40 रूपये की दर पर आज बुधवार से प्रारंभ हो गया है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व दतिया लोकेन्द्र सरल ने आज गेंहू उपार्जन केंद्र गोंधारी-कुरथरा(तिवारी वेयरहाउस, कुरथरा) का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान केंद्र पर किसानों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं जैसे छाया, पेयजल एवं तुलाई व्यवस्था का बारीकी से अवलोकन किया गया।

**किसानों की सुविधाओं का लिया जायजा**

इस दौरान उन्होंने उपस्थित अधिकारियों के साथ तौल कांटे की जांच की तथा मौके पर मौजूद किसान रामकिशोर निवासी बरगाय की गेंहू तुलाई की जांच कर उसकी पुष्टि की।

उन्होंने किसान के मोबाइल पर प्राप्त मैसेज का भी सत्यापन किया जिससे पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके। एसडीएम द्वारा निरीक्षण के दौरान केंद्र प्रभारी एवं ऑपरेटर को निर्देश दिए गए कि किसानों की तुलाई के तुरंत बाद ऑनलाइन रसीद उपलब्ध कराई जाए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। अधिकारियों ने व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने एवं किसानों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए।

# विधायक प्रदीप अग्रवाल ने युवाओं के साथ साझा किए बाबा साहब के विचार

**नवभारत न्यूज**

**इंदरगढ़, 15 अप्रैल।** आधुनिक भारत के निर्माता और भारतीय संविधान के शिल्पकार भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर 'मेरा युवा भारत' दतिया के अंतर्गत शहीद भगत सिंह युवा मण्डल इन्दरगढ़ द्वारा एक गरिमामय एवं भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सेवड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक अग्रवाल एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में मंडल अध्यक्ष राम लखन सिंह गुर्जर नगर पालिका अध्यक्ष गौरी रामस्वरूप मंडेलिया एवं सर्व जाटव समाज समिति के अध्यक्ष सचिव आदि लोग उपस्थित रहे संविधान के मूल्यों पर चर्चा कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि द्वारा डॉ. अम्बेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर और दीप प्रज्वलित कर की गई। युवाओं को संबोधित करते हुए विधायक श्री प्रदीप अग्रवाल ने कहा, 'बाबा साहब का जीवन संघर्ष और सफलता की वह मशाल है, जो हर पीढ़ी को प्रेरित करती है। उन्होंने एक ऐसे भारत का सपना देखा था जहाँ जाति, पंथ और लिंग के आधार पर कोई भेदभाव न हो। आज 'मेरा युवा भारत' जैसे मंचों के माध्यम से युवाओं को उनके विचारों को धरातल पर उतारने की आवश्यकता है। 'हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से जागरूकता

कार्यक्रम का विशेष आकर्षण प्रीएम्बल वॉल (संस्थपित संविधान की प्रस्तावना दीवार) रही। इस अनूठी पहल के तहत एक विशाल वॉल पर संविधान की प्रस्तावना उकेरी गई थी।शपथ और



हस्ताक्षर: मुख्य अतिथि श्री प्रदीप अग्रवाल ने सर्वप्रथम इस पर हस्ताक्षर कर अभियान की शुरुआत की।उद्देश्य: इसके बाद उपस्थित सैकड़ों युवाओं और नागरिकों ने भी अपने हस्ताक्षर किए। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य युवाओं को भारतीय संविधान की मूल भावना—न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व—के प्रति जागरूक करना और उन्हें राष्ट्र के प्रति उनके कर्तव्यों की याद दिलाना था।युवाओं की सक्रिय भागीदारीशहीद भगत सिंह युवा मण्डल के स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम के दौरान डॉ. अम्बेडकर के सामाजिक योगदान पर अपने विचार रखे। वक्ताओं ने बताया कि 'मेरा युवा भारत' पोर्टल के माध्यम से क्षेत्र के युवा न केवल सरकारी योजनाओं से जुड़ रहे हैं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन के वाहक भी बन रहे हैं। कार्यक्रम के पश्चात शहीद भगत सिंह युवा मंडल के अध्यक्ष दीपक सिंह गुर्जर द्वारा आए हुए सभी अतिथियों एवं सर्व जाटव समाज समिति के सदस्यों का माल अर्पण एवं शाल श्रीफल भेंट किया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्रतिनिधि सुजान सिंह रावत, सर्व जाटव समाज अध्यक्ष हरदयाल जाटव सचिव जैहेन्द्र सिंह जाटव शहीद भगत सिंह युवा मंडल के उपाध्यक्ष गौरव गुर्जर विनोद सेन मुस्कान जाटव और विभिन्न क्षेत्रों के प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने संविधान की रक्षा करने और देश की एकता व अखंडता को बनाए रखने की सामूहिक शपथ ली।